## एक नजर में



### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज ब्यावरा आएगे

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार 20 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे प्रोगेसिव हाईटस स्कूल ब्यावरा में आयोजित वरिष्ठजनों के बीच अंतर पीढ़ीगत जुडाव एवं कल्याण कार्यक्रम में भाग लेंगे. इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण उद्यानिकी एवं प्रसंस्करण मध्यप्रदेश शासन मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, विधायक नरसिंहगढ मोहन शर्मा भी साथ रहेंगे.

### प्रजापति समाज की जिला बैठक कल कालीपीठ में

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** राजगढ़ ब्लाक के गांव कालीपीठ में प्रजापति समाज के द्वारा जिला स्तरिय बैठक का आयोजन कल रविवार 11 बजे से हटीले हनुमान मंदिर प्रांगण पर रखी गई है. बैठक जिला स्तरीय निःशुल्क विवाह सम्मेलन को लेकर रखी गई है जिसमें समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. बैठक में समाजबंधुओं से विचार विमर्श कर समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाए, समाज सुधार, शिक्षा पर भी जोर दिया जाएगा. अधिक से अधिक संख्या में कालीपीठ पहुंचकर बैठक को सफल बनाये.

### अव्यवस्थाओं को लेकर हुई बैठक

**खिलचीपुर 19 दिसम्बर, सं.** नगर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को नगर परिषद के सामुदायिक भवन में जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों की मौजूदगी में सीएमओ ज्योति सुनहरे एवं थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने नगर में अतिक्रमण के कारण लग रहे जाम को लेकर बैठक की जिसमें व्यापारियों से सुझाव लिए गए. नगर के सिटी पोर्शन रोड पर नाली के बाहर किए गए अतिक्रमण को गांधी गिरी तरीके से हटाने का निर्णय लिया गया .वहीं सोमवारिया बड़ी पुलिया पर हाट बाजार के दिन लग रहे जाम को लेकर अब इस सोमवार से हाट बाजार को व्यवस्थित किया जाएगा वहीं पुलिया और रोड के दोनों ओर लगने वाले ठेले और दुकानों को नदी किनारे ओर हाट के लिए निर्धारित स्थल पर लगाए जाएंगे. सीएमओ ज्योति सुनहरे ने कहा कि खिलचीपुर नगर आपका नगर आप के सहयोग के बिना नगर सुंदर और व्यवस्थित नहीं हो सकता है. इस मौके पर व्यापारियों ने नगर में जहां तह खड़ी बाईकों के कारण जाम की ओर ध्यान आकर्षित करते हुवे कहा कि इसके लिए नगर में नदी किनारे पार्किंग स्थल बनाया जाए ताकि बाजार में यातयात सुचारू रहे .सी एम ओ ज्योति सुनहरे ने सभी के सुझावों को नोट किया और कहा प्रथम चरण में सिटी पोर्शन रोड,बस स्टैंड,ओर हाट बाजार की अव्यवस्थाओं को दूर किया जाएगा.

# जैविक खाद, पॉली हाउस के नाम पर ठगी

## तीन थानों की पुलिस ने मिलकर गैंग के 15 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में, 1 फरार

### यूपी का गिरोह धराया, खण्डवा में लगा चुके है किसानों को चपत



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. जिले के तीन थानों क्षेत्रों में किसानों से पॉली हाउस और जैविक खाद की एजेंसी के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने वाले यूपी गिरोह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. गिरोह के 15 सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है. ये गिरोह खण्डवा जिले में भी किसानों को इसी प्रकार झांसा देकर लाखों ऐंठ चुका है. मामले में करनवास, खुजनेर और नरसिंहगढ़ पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर घटना की छानबीन की और यूपी के गोरखपुर के 15 युवाओं को धर दबोचा है.**

ऑपरेशन किसान रक्षक अभियान की निरंतर कार्रवाई पॉलीहाउस/ऑर्गेनिक खाद/सब्सिडी के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह पर लगातार शिकंजा कुल 30 लाख 52 हजार का मशरुका जब्त किया है. लंबे समय से थाना करनवास में पॉलीहाउस, ऑर्गेनिक खाद एजेंसी, सब्सिडी एवं कमीशन का झांसा देकर ठगी के साथ ही थाना खुजनेर कें ऑर्गेनिक खाद एजेंसी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर ठगी और इसी प्रकार थाना नरसिंहगढ़ में भी गिरोह द्वारा पूर्व में समान प्रकृति की ठगी की वारदातें की थी.

### खण्डवा में की वारदात, लाखों का माल बरामद

पकड़े गए 15 आरोपियों के गिरोह ने राजगढ़ जिलके साथ ही खंडवा में भी लगभग 30 लाख रूपए की ठगी किसानों के साथ की थी. वहां भी इस संबंध में पृथक अपराध पंजीबद्ध है. पूर्व में जप्त 26 लाख 72 हजार नगद, 16 लाख 16 हजार की कार सहित अनुमानित कीमत 10 लाख, 28 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 56 हजार बताई जा रही है. इसके बाद की कार्रवाई में जब्त थाना खुजनेर में 1 लाख नगद, थाना करनवास में पंजीबद्ध अपराध में 80 हजार नगद और थाना नरसिंहगढ़ में दर्ज अपराध में 2 लाख रूपए नगद बरामद किए है. इस प्रकार ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत कुल लगभग 30 लाख 52 हजार का मशरूका जप्त किया गया है.

### सब्सिडी का लालच देकर करते थे ठगी, गोरखपुर से धराए

गिरोह के सदस्य फर्जी नाम, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर अस्थायी कार्यालय व अलग-अलग जिलों में निवास किसानों से बातचीत कर पहले विश्वास अर्जित करते थे. इसके बाद वे उन्हें पॉलीहाउस/खाद एजेंसी/सब्सिडी का लालच देकर बड़ी राशि ऐंठ लेते थे. इसके तुरंत बाद वे फरार हो जाते थे. पकड़े गए आरोपियों में आरके मित्तल उर्फ प्रभाकर पाण्डे उर्फ विजेन्द्र राय (50 वर्ष), निवासी गोरखपुर, अभिन्नव सिंह उर्फ चंद्रभूषण सिंह (39 वर्ष) निवासी गोरखपुर, सत्यदेव सिंह उर्फ ओमप्रकाश सिंह (41 वर्ष), निवासी गोरखपुर, राकेश कुमार उर्फ सोनू चौबे उर्फ अंकित मिश्रा (36 वर्ष), निवासी कुशीनगर, दीपक पाण्डेय उर्फ राजकुमार (38 वर्ष), निवासी गोरखपुर, रंजीत उर्फ बीपी सिंह (37 वर्ष), निवासी पुरी (उड़ीसा), धनंजय पाण्डे (32 वर्ष), निवासी गोरखपुर, चंदन पाण्डे (23 वर्ष), निवासी गोरखपुर, चंदन प्रजापति (26 वर्ष), निवासी गाजीपुर, रघुनाथ गुप्ता (38 वर्ष), निवासी बस्ती, विक्की पाण्डे (25 वर्ष), निवासी गोरखपुर, दिलीप वर्मा (22 वर्ष), निवासी मदुआ, सन्नी यादव (19 वर्ष), निवासी गोरखपुर, कुंदन प्रजापति, निवासी गाजीपुर, नंदमोहन पाण्डे (35 वर्ष), निवासी गोरखपुर शामिल है. जबकि एक आरोपी फरार है जिसका नाम जितेन्द्र पाण्डेय, निवासी गोरखपुर (उ.प्र.) है. इस संपूर्ण अभियान में थाना प्रभारी करनवास उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, उप निरीक्षक गिरवर सिंह मराबी, गौतम मीणा, थाना प्रभारी खुजनेर निरीक्षक मंजु मखेनिया एवं उनकी टीम तथा थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान एवं विशेष टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



# कोटवारों ने कहा अधिकारी बर्तन, कपड़े धुलवाते हैं

## जिले के कोटवारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** अपनी विभिन्न मांगों को समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में जिले के कोटवारों ने कलेक्टर कार्यालय में पहुंचे धरना दिया और ज्ञापन सौंपा. शुक्रवार को कोटवार संघ के बैनर तले पहुंचे कोटवारों ने अधिकारियों पर निजी काम कराने का आरोप लगाया.

कोटवारों का कहना है कि उनसे उनके निर्धारित कामों जैसे राजस्व और चौकीदारी के बजाय अफसरों के घरों में निजी काम झाड़ू-पोंछा, बर्तन साफ करने और सब्जी लाने जैसे निजी काम कराए जाते हैं. कोटवारों ने कहा कि नियमानुसार बेगारी नहीं की जा सकती है और उस पर रोक है. लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है. कोटवार संघ के जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल दुबे ने अपनी मुख्य मांगें बताई. उन्होंने कहा कि कोटवारों को वर्दी की जगह उसकी राशि सीधे खातों में दी जाए. कोटवारों के बीमा की एक लाख रुपए की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान हो. हर वर्ष अप्रैल माह से वेतन वृद्धि लागू की जाए और सेवानिवृत्त कोटवार के बेटे को नियुक्ति मिले. इसके अतिरिक्त, कोटवारों की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे तत्काल हटाए जाएं. उन्होंने वर्ष 2007 में जारी उस आदेश का सख्ती से पालन कराने की भी मांग की, जिसमें कोटवारों से किसी भी प्रकार की बेगारी न लेने की बात कही गई है. कोटवारों ने बताया कि उन्हें वेतन समय पर नहीं मिलता और चौकीदारी के नामांतरण जैसे कामों के लिए भी पैसे देने पड़ते है. कोटवार ने आरोप लगाया कि कई अधिकारी आज भी उनसे अपने घरों में झाड़ू-पोंछा, बर्तन साफ करने, बगीचे का काम और बाजार से सब्जी लाने जैसे निजी काम कराते है.



# सीएचसी बायहेड़ा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा

## औचक निरीक्षण में कलेक्टर सख्त

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बायहेड़ा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव सेवाओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण व्यवस्था एवं अभिलेखों के संधारण की विस्तार से समीक्षा की. कलेक्टर ने सीएचसी में प्रसव कराने वाली हितग्राही श्रीमती रचना राजेश से संवाद कर शासकीय योजना अंतर्गत भुगतान, नवजात के टीकाकरण तथा मातृ-शिशु के स्वास्थ्य की जानकारी ली. हितग्राही ने बताया कि प्रसव सुरक्षित रूप से हुआ है तथा शिशु स्वस्थ है.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रसव रजिस्टर की जांच की, जिसमें प्रसव तिथि अंकित नहीं पाई गई. इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का एनमोल एवं यू-वीन पोर्टल के ऑनलाइन डाटा से मिलान किया. साथ ही उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी ली. उन्होंने पूछा कि किस माह में कौन-सा टीकाकरण लगाया जाता है तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन स्तर क्या होना चाहिए.

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित आशा कार्यकर्ता से नवजात शिशु को जन्म के समय लगाए जाने वाले टीकों के बारे में भी जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आशा, एएनएम एवं स्वास्थ्यकर्मी टीकाकरण कार्यक्रम की पूरी जानकारी रखें तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, रिकॉर्ड की शुद्धता एवं ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# एडिप योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत शिविरों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** राजगढ़ जिले में एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष या उससे अधिक आयु) तथा दिव्यांगजनों को सहायक उत्पादन केन्द्र - (एलिम्को) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम उज्जैन के माध्यम से दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य चिन्हांकन शिविरों का आयोजन विभिन्न तिथियों में किया जाएगा. जिनमें शिविर का आयोजन 22 दिसम्बर को जनपद पंचायत खिलचीपुर व नगर परिषद छापीहेडा में किया जाएगा. इसी प्रकार 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत ब्यावरा व नगर परिषद सुठालिया में, 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़, नगर परिषद कुरावर नगर परिषद बोडा, एवं नगर परिषद तलेन में, 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत राजगढ व नगर परिषद खुजनेर में, 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत जीरापुर व नगर परिषद माचलपुर में तथा 29 दिसम्बर को जनपद पंचायत सारंगपुर व नगर परिषद पचोर में किया जाएगा.

उक्त शिविर में अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों जिनकों मोटराइज्ड ट्रायसिकल, कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। उन्हें निम्न अभिलेख साथ में लाना अनिवार्य है, जैसे यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, 03 पासपोर्ट साईज फोटो जिसमें दिव्यांगता दर्शायी गई हो. समग्र आईडी, आधार कार्ड, बी.पी.एल. राशन कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, निवास का प्रमाण पत्र आदि. उक्त अभिलेखों के अभाव में दिव्यांगजनों को उनके द्वारा चाही गई सुविधा दिये जाने हेतु चयन किये जाने में कठिनाई होगी. इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए.

### ओलंपियाड परीक्षा में चयनित छात्रों का गुजरात भ्रमण

**पडाना 19 दिसम्बर, सं.** गत माह आयोजित हुई ओलंपियाड परीक्षा में चयनित छात्र छात्रों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गुजरात भ्रमण के लिए चुना गया. जिसमें समीप ग्राम के शासकीय संदीपनि विद्यालय मऊ के नंदिनी, रितिक, राज मालवीय, कनक राठौर, भाव्या, परी, सक्षम, पूरब, शिक्षा मालवीय, दिव्या राठौर, सहित दो मेधावी विद्यार्थि राजकुमार मालवीय, हर्षिता राजपूत को गुजरात राज्य में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए चुना गया है. यह गौरवपूर्ण यात्रा आईआरसीटीसी द्वारा आयोजित की जा रही है. इस मौके पर विद्यालय संस्था प्रभारी शंकर लाल भारती, जावेदबेग मिर्जा, ललित सेन, राजेश परमार, प्रेम कुमार मालवीय, अनिल सेन, नीरज शर्मा,राहुल यादव, राधेश्याम पुष्पद, लोकेंद्र पाटीदार, धर्मेंद्र भिलाला, रामकृष्ण, विजय मेडोरिया, भोजराज पालीवाल, योगेश सिसोदिया, श्रीमती रमा अग्रवाल शामिल रहे.

### जीवन में किया गया दान ही स्वर्गलोक में प्राप्त होता है

**जीरापुर 19 दिसम्बर, सं.** नगर के किशनगढ़ मोहल्ले में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित ललित नागर ने अन्नदान को सर्वश्रेष्ठ दान बताया. यदि रात्रि में अचानक भूख या प्यास लगे तो यह संकेत हो सकता है कि हमारे पूर्वज तृप्त नहीं हैं. उन्होंने कहा कि जीवन में किया गया दान ही स्वर्गलोक में प्राप्त होता है. उन्होंने महाभारत के कर्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि कर्ण ने जीवनभर स्वर्ण व अन्य वस्तुओं का दान किया. लेकिन अन्नदान न करने के कारण स्वर्ग में उन्हें अन्न नहीं मिला और कष्ट भोगना पड़ा. इसी कारण उन्हें सोलह दिनों के लिए मृत्यु लोक में आकर माता कुंती से अन्न-जल ग्रहण करना पड़ा. जिससे सोलह श्राद्ध की परंपरा प्रारंभ हुई. कथा के दौरान उन्होंने महाकाल ज्योतिर्लिंग को बारह ज्योतिर्लिंगों का केंद्र बताते हुए कहा कि उसी प्रकार जीरापुर नगर आसपास के क्षेत्र के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है.

# कॉलेज चलो अभियान : छात्रों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 19 दिसम्बर, सं.** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में महाविद्यालय के प्रतिनिधि दल द्वारा संवाद कार्यक्रम किया गया. जिसमें महाविद्यालयीन पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराना था. कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी संतोष पाठक ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उपलब्ध बहुविषयक पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति योजनाओं, कौशल विकास, करियर विकल्पों एवं महाविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी. अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ आनंद स्वरूप लहरिया ने विद्यार्थियों से संवाद किया. डॉ प्रदीप ने छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारी दी. डॉ दीपा चौरसिया ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर पीएम श्री स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्याम सुंदर मीना, मुकेश शर्मा, प्रदीप यादव, नरेंद्र सुमन, श्रृष्टि नामदेव, चेतन शर्मा, राजकुमार, उमेश सेन सहित छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे.

# भाजपा जिला पदाधिकारियों का स्वागत किया

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 19 दिसम्बर, सं.** भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, जिला कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई का खिलचीपुर आगमन पर भाजपा मंडल खिलचीपुर के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी के नेतृत्व में स्वागत किया.

तहसील चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल के साथ जिला महामंत्री की आगवानी की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने साफा बांधकर एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों से स्वागत किया. वहीं इमली स्टैंड पर राधेश्याम दांगी द्वारा स्वागत किया गया. भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता के निवास पर भी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का साफा बाधकर पुष्पहारों से स्वागत किया. इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे जिला महामंत्री ने कहा सभी कार्यकर्ताओं की ताकत से संगठन को ओर मजबूत किया जाएगा.



**कार्यवाहीं** बाईक चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिला, शातिर आरोपी धराया

# 2 बाईक चोरी की पूछताछ में आरोपी ने 9 बाईकों का पता उगला

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 दिसम्बर, का. थाना मलावर पुलिस द्वारा सतत फील्ड वर्क, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र के प्रभावी उपयोग से मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाओं का सफल खुलासा किया गया है. पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 09 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 70 हजार रूपए बताई जा रही है.**




घटना बीते 9-10 दिसम्बर की रात की है. फरियादी धुरसिंह पिता उम्मर सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम मनाखेड़ी, थाना नजीराबाद, जिला भोपाल और फरियादी मुकेश पिता लालजीराम राजपूत, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम गोकुलपुरा, थाना तलेन, जिला राजगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिलें अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है. फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना मलावर में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया था. विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भौतिक साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी भगवान सिंह पिता रोड़जी प्रजापति, उम्र 30 वर्ष, निवासी 100 क्वार्टर खुजनेर, थाना खुजनेर, जिला राजगढ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ में आरोपी द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया. न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर की गई पूछताछ में आरोपी ने थाना क्षेत्र खुजनेर, कोतवाली राजगढ़, करनवास, पचोर एवं देहात ब्यावरा से भी मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया.

### ये बाईकें आरोपियों से बरामद हुई

आरोपियों से हीरो होण्डा डॉन क्रमांक एमपी 39 ईजे 2705, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 39 एमआर 6930, बजाज सीटी 100 एमपी 04 एनएस 2142, टीवीएस स्टार सिटी एमपी 09 एमयू 2186, होण्डा शाईन एमपी 39 जेडसी 2476, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 39 एमएल 9501, बजाज प्लेटिना एमपी 39 एमएस 2926, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 70 एम 3244 शामिल है. एक अन्य हीरो एचएफ डीलक्स भी शामिल है जिसका नंबर ज्ञात नहीं है. पुलिस ने सभी मोटरसाइकिलें आरोपी के पूछताछ में बयान के आधार पर जप्त की हैं. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया, सउनि युधिष्ठर शर्मा, ओमप्रकाश मीना, संजय भार्गव, मुकेश भील, लोकेश विश्वकर्मा, महेश पुरविया, जीवन सिंह, दीपक व्यास सहित विशेष टीम से उनि .जितेंद्र अजनारे, स .उनि .शादाब खान, बीरेन्द्र यादव खुजनेर, राजेश त्रिपाठी खुजनेर, सूरज चावरिया, धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा थाना नरसिंहगढ़ शामिल है.

# एंटी रैगिंग जागरूकता, शपथ कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. बी.वी. खरे के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में रैगिंग मुक्त, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण स्थापित करना रहा. कार्यक्रम में प्रो. प्रकाश अहिरवार द्वारा एंटी रैगिंग शपथ का वाचन कराया गया. जिसमें उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने रैगिंग न करने तथा किसी भी प्रकार की रैगिंग की जानकारी संबंधित समिति को देने का संकल्प लिया.

प्राचार्य डॉ. खरे ने कहा कि रैगिंग एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है, जो छात्रों के मानसिक तथा शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है. उन्होंने विद्यार्थियों से आपसी सम्मान, अनुशासन एवं सहयोग की भावना विकसित करने का आह्वान किया. इस अवसर पर एंटी रैगिंग समिति की संयोजक प्रो. सुश्री सीमा सिंह ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रैगिंग की रोकथाम हेतु शासन एवं महाविद्यालय स्तर पर लागू नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश कुमार अहिरवार द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने महाविद्यालय को रैगिंग मुक्त परिसर बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया.